आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 20.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज झुंझुनूं के दौरे पर–जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छोटे शहरों और कस्बों में आयुष्मान मॉडल सीएचसी बनाने का काम जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- प्रदेश में बढ रहे सर्दी के असर से लोगों की दिनचर्या में आ रहा है बदलाव।
- इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया–इफ्फी आज से गोवा के पणजी में।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं पहुंचेगे। झुंझंनूं के जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि श्री धनखड काजड़ा के जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन ने तैयारियां पूरी कर ली है। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने और छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उनका यह दौरा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

00000

ब्राजील के रियो–डी–जेनेरियो में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन कल संपन्न हो गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने संगठन की बागडोर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सौंपी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल स्थायी विकास और ऊर्जा परिवर्तन पर जी–20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सबके लिए अधिक स्वच्छ और सतत भविष्य सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी लाने पर बल दिया। श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, एक विश्व–एक सूर्य–एक ग्रिड और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसे पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के सिद्धांतों और उपायों के महत्व के बारे में बताया। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसमें दो सौ गीगावाट का उत्पादन हो चुका है। उन्होंने सदस्य देशों से ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा घोषित वैश्विक विकास समझौते को समर्थन देने का आग्रह किया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छोटे शहरों और कस्बों में आयुष्मान मॉडल सीएचसी बनाने का काम जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पायेंगी। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश की जनता को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी राज्य सरकार की सभी बजटीय घोषणाओं को प्रभावी कार्ययोजना के साथ जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि मिलावटखोरों द्वारा राज्य की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अभियान में तेजी लाते हुए मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

00000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि नई सड़कों के निर्माण के साथ क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ने कल जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को टूटी हुई सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने और साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने पीडब्ल्यूडी

सेवा ऐप लॉचिंग के बाद सड़कों की गुणवत्ता में हुए सुधार की सराहना करते हुए कहा कि इस ऐप को शत प्रतिशत रूप से प्रभावी बनाने के प्रयास करने चाहिए।

0000

भरतपुर में आज से संभाग स्तरीय अमृता हाट लगाई जा रही है। 26 नवम्बर तक चलने वाले अमृता हाट में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे इन समूहों से जुडी महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होने के साथ ही उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों को विशेष पहचान मिलेगी।

00000

केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी तीन दिन की यात्रा पर आज जैसलमेर पहुंचेंगे। श्री चौधरी कल ग्रामीण क्षेत्र मूलसागर, अमरसागर और रूपसी, का दौरा कर वहां विकास कार्यो का अवलोकन करेंगे। वे दोपहर में डाबला में राजीविका की ओर से संचालित सीएलएफ की विजिट करेंगे। इसके बाद वे फतेहगढ में पम्प हाउस का निरीक्षण कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाभार्थियों से संवाद करेंगे। जल शक्ति राज्य मंत्री 22 नवम्बर को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

00000

बांसवाड़ा में आज से केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय डूंगरपुर की ओर से विकसित भारत /2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न लोक–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मोशन गेम्स, ऑनलाइन क्विज, कैरीकेचर फोटो, रिंग लाइट फोटो और सेल्फी बूथ के माध्यम से दर्शकों को मनोरंजक और आकर्षक ढंग से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

00000

प्रदेश में सर्दी का असर लगातार बढ रहा है। राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठण्ड में बढोतरी हुई है। बारां में कल दिनभर ठण्डी हवाएं चली। चूरू में खुले क्षेत्रों में सर्दी का असर ज्यादा महसूस हो रहा है। वहीं केकडी में अब लोग सुबह के वक्त अलाव का सहारा भी ले रहे है। सीकर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां लोगो की दिनचार्य में भी अब बदलाव आने लगा है।

000000

दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के बढते स्तर को देखते हुए खैरथल तिजारा जिले में 23 नवंबर तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किये गये है। आदेश में जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट ने इस दौरान ऑनलाईन कक्षाएं चलाने को कहा है। ये आदेश विद्यार्थियों के लिये ही मान्य होगा। गौरतलब है कि दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप–4 प्रतिबंध लागू करने के मानदंडो के अनुपालन में ये आदेश दिये गये है।

00000

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया–इफ्फी आज से गोवा के पणजी में शुरू हो रहा है। यह इस महीने की 28 तारीख तक चलेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने बताया कि इस वर्ष फिल्म महोत्सव में कई नई पहल की गई हैं और यह युवा फिल्मकारों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि एक सौ युवा प्रतिभाएं क्रियेटिव माइंड्स ऑफ टूमॉरो प्लेटफॉर्म पर अपनी रचनात्मक सृजन क्षमता प्रस्तुत करेंगी। इस साल समारोह में एक सौ देशों की चार सौ से भी अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। महोत्सव में ऑस्ट्रेलिया विशेष फोकस देश रहेगा, जिसे अपनी सांस्कृतिक उपलब्धियां प्रस्तुत करने का विशेष अवसर मिलेगा।

00000

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आज जिले के फालना और राणावास डिस्कॉम कार्यालय में शिविर लगाये जायेंगे। इसमें अधिकाधिक लोगों को सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

00000